# उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
## (पशुपालन प्रभाग)

(Email Id:- dc-cha@nic.in, Phone:- 06541-253034 (O), 253033 (R)) 252310 (Fax) )

पत्रांक 573/प०पा०        दिनांक 04/07/2026

प्रेषक :–    उपायुक्त,
चतरा।

सेवा में,
सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
चतरा जिला।

विषय :–    मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2026–27 के पशुपालन एवं गव्य विकास की योजनाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन सृजन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय, सूचित करते हुए कहना है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2026–27 के पशुपालन एवं गव्य विकास से संबंधित योजनाओं के लिए लाभुक चयन हेतु LOKSETU के माध्यम से चतरा जिला में ऑनलाईन आवेदन सृजित कराया जाना है। इस कार्य हेतु आपको निम्न निर्देश दिये जाते हैं –

1) इच्छुक ग्रामीण आवेदन की Hard Copy संबंधित प्रखण्ड में जमा करेंगे।
2) जिला पशुपालन पदाधिकारी पर्याप्त संख्या में पशुपालन प्रभाग एवं गव्य प्रभाग से संबंधित आवेदन प्रखण्ड कार्यालयों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3) ग्रामीणों की सुविधा के लिए प्रत्येक प्रखण्ड में प्रखण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा निःशुल्क आवेदन ऑनलाईन सृजन किये जायेंगे।
4) आवेदनों को प्रखण्ड स्तर पर ऑनलाईन सृजन करने हेतु प्रखण्ड में कार्यरत एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को नामित करेंगे तथा उसकी विवरणी जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा को उपलब्ध करायेंगे।
5) आवेदन सृजन हेतु समय का निर्धारण निम्नप्रकार किया जाता है –

क) LOKSETU के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन के सृजन हेतु निर्धारित समय एक माह
(तिथि की घोषणा बाद में की जायगी )
ख) प्रखण्ड स्तर पर आवेदनों की ऑनलाईन जॉच हेतु निर्धारित समय एक सप्ताह।
ग) जिला स्तर पर आवेदनों की ऑनलाईन जॉच हेतु निर्धारित समय एक सप्ताह।
घ) प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा लक्ष्य के अनुरूप आवेदनों को अनुमोदित करने हेतु निर्धारित समय एक सप्ताह।

विश्वासभाजन

04/07/26

उपायुक्त, चतरा।

4.7.26

जिला पशुपालन पदाधिकारी
चतरा

Scanned with OKEN Scanner